दूरभाष/Telephone: 26175176
फैक्स/FAX: 26162093
ई-मेल/E-mail: ddhts-exam-dol@nic.in

संख्या- 30/3/2020-उ0नि0(परीक्षा)/252

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय
DEPTT OF OFFICIAL LANGUAGE, MHA
हिंदी शिक्षण योजना
HINDI TEACHINGSCHEME
उप निदेशक (परीक्षा) का कार्यालय
OFFICE OF THE DEPUTY DIRECTOR (EXAM)

पूर्वी खंड-7, लेवल-6, रामकृष्णपुरम,
EAST BLOCK-7, LEVEL-6, R.K.PURAM,
नई दिल्ली NEW DELHI-110066.

दिनांक /DATE: 2/3/2023

सेवा में

निदेशक/संयुक्त निदेशक/सभी उप निदेशक/सर्वकार्यभारी अधिकारी,
हिंदी शिक्षण योजना/पत्राचार पाठ्यक्रम स्कंध, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान

**विषयः-हिंदी शब्द संसाधन / टंकण परीक्षा जुलाई, 2023 की समय-सारणी तथा प्रणाली में प्रशिक्षार्थियों का विवरण अपलोड करने के संबंध में ।**

महोदय/महोदया,

राजभाषा विभाग के अंतर्गत आयोजित होने वाली हिंदी शब्द संसाधन /हिंदी टंकण परीक्षाएँ परीक्षा स्कंध द्वारा प्रति वर्ष जुलाई माहके दूसरे/तीसरे सप्ताहमें आयोजित की जाती हैं ।इन परीक्षाओं के आयोजन के लिए अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाते हैं। प्रत्येक सत्र में इन परीक्षाओं में भाग लेने वाले नियमित/प्राइवेट/पत्राचार तथा पूरक परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम परीक्षा समाप्त होने के अगले माह के अंतिम कार्य दिवस पर घोषित किया जाता है ।

जुलाई, 2023 में आयोजित की जाने वाली हिंदी शब्द संसाधन /हिंदी टंकण परीक्षाओं के संबंध में सूचित करना है कि राजभाषा विभाग के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने एवं उसकी मॉनीटरिंग को चुस्त बनाने के लिए पूर्व की भांति हिंदी भाषा हिंदी शब्द संसाधन/टंकण एवं हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रणाली के अंतर्गत सभी क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक/उप निदेशक परीक्षा संबंधी कार्य निम्नवत् करना सुनिश्चित् करें :-

1. हिंदी शब्द संसाधन टंकण / आशुलिपि के प्रशिक्षार्थियों का विवरण संकाय सदस्य / सहायकनिदेशक द्वारा प्रणाली में भरने के पश्चात् क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/उ.नि.(टकण/आशु.)/पत्राचार द्वारा सत्यापित कर परीक्षा शाखा प्रणाली में अग्रेषित किया जाए । किसी भी प्रशिक्षार्थी का मैनुअल परीक्षा फार्म अब परीक्षा शाखा द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। जुलाई, 2023 केवल उन्हीं कार्मिकों की परीक्षा होगी जिनका विवरण प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रणाली पर भरा होगा।

2. सभी क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक/उपनिदेशक/उ.नि.(टं./आशु.)/पत्राचार स्वयं इसकी मॉनीटरिंग करके यह सुनिश्चित् करें कि उनके अधीनस्थ प्रत्येक संकाय सदस्य / सहायकनिदेशक (टं./आशु.) द्वारा पूरा डाटा उक्त प्रणाली में सही भरा गया है।

3. प्रणाली के अंतर्गत प्रशिक्षार्थियों के पंजीकरण सत्यापित कर उप निदेशक(परीक्षा) को स्वीकृति हेतु भिजवाने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल, 2023 निर्धारित है । सत्यापन के तुरंत बाद क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक/ उप निदेशक/ उ.नि.(टंकण/आशु.) / पत्राचार उपनिदेशक (परीक्षा) को ई-मेल द्वारा सूचना देना सुनिश्चित करें।

.....2/..

4. नियमानुसार परीक्षार्थी के परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक प्रश्न पत्र में न्यूनतम 25-25 अंक अथवा उससे अधिक होना अनिवार्य है । प्रश्न-पत्र द्वितीय (गति परीक्षा) में उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 30 श.प्र.मि.(9000 KDPH) की गति होगी । किसी एक प्रश्न पत्र में 25 से कम अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को पूरक घोषित किया जाएगा ।

5. पूरक परीक्षार्थियों को अपनी पूरक परीक्षा अगले सत्र में देनी होती है नहीं तो आगे के सत्रों में दोनों प्रश्न-पत्रों में सम्मिलित होना पड़ता है, अगस्त-जनवरी, 2023 सत्र हिंदी शब्द संसाधन/ टंकण परीक्षा के किसी एक प्रश्न-पत्र में अनुत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी को जुलाई, 2023 में पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाएगा । पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रणाली में पुन: विवरण अपलोड नहीं करना होगा। पूर्व जारी पंजीकरण के आधार पर ही उसे परीक्षा देनी होगी । इन परीक्षार्थियों का विवरण उपनिदेशक (परीक्षा) को अग्रेषित करने की अंतिम तारीख 29 अप्रैल, 2023 है ।

6. हिंदी शब्द संसाधन टंकण/आशुलिपि के 5 दिवसीय कक्षा में पढ़ाई के अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम **(Validation Course)** के प्रशिक्षार्थियों का विवरण संकाय सदस्य/सहायक निदेशक द्वारा अपलोड किया जाएगा । जिसे क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक/ उपनिदेशक/उप निदेशक(टंकण/आशु.)/पत्राचार द्वारा सत्यापित करके उप निदेशक (परीक्षा) को ई-मेल द्वारा सूचित किया जाए ।

7. प्रशिक्षार्थी के परीक्षा केंद्र परिवर्तन/बैच परिवर्तन संबंधी कार्रवाई क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक/उप निदेशक, उप निदेशक (टंकण/आशुलिपि) /पत्राचार के माध्यम से की जाएगी, जिसकी सूचना उनके द्वारा उप निदेशक (परीक्षा) को ई मेल द्वारा दी जाएगी और केंद्र परिवर्तन के लिए नया परीक्षा प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा । उक्त प्रक्रिया हेतु प्रशिक्षार्थी को परीक्षा की निर्धारित तिथि से 15 दिन पूर्व आवेदन करना होगा। उसके पश्चात् केंद्र परिवर्तन/बैच परिवर्तन हेतु दिए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

8. संकाय सदस्यों/सहायक निदेशकों द्वारा प्रणाली के अंतर्गत प्रशिक्षार्थियों के परीक्षा शुल्क का विवरण भरने के पश्चात् तथा उप निदेशक (परीक्षा) द्वारा स्वीकृति के पश्चात् ही परीक्षा प्रवेश पत्र जारी किए जा सकेंगे । परीक्षा शुल्क के लिए बैंक ड्रॉफ्ट उप निदेशक (परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना, नई दिल्ली के नाम देय होगा । केंद्रीय सरकार के कार्मिकों के लिए हिंदी शब्द संसाधन टंकण/आशुलिपि परीक्षाओं के लिए कोई परीक्षा शुल्क देय नहीं है । भारत सरकार के नियंत्रणाधीन उपक्रमों/निगमों, राष्ट्रीयकृत बैंकों/निकायों आदि के सभी कार्मिकों के लिए रु.100/- परीक्षा शुल्क देय है।

9. प्राइवेट प्रशिक्षार्थियों का विवरण क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक/ उप निदेशक / उप निदेशक(टंकण/आशु.)-नई दिल्ली द्वारा प्रणाली में अपलोड किया जाएगा, जिसकी प्रणाली के अंतर्गत अंतिम तिथि 15 अप्रैल, 2023 निर्धारित है । विवरण को सत्यापित कर उप निदेशक (परीक्षा) को स्वीकृति हेतु अंतिम तिथि 29 अप्रैल, 2023 निर्धारित है ।

10. नियमित परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र संबंधित संकाय सदस्य/सहायक निदेशक, प्राइवेट एवं पूरक परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र संबंधित क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक/उप निदेशक तथा पत्राचार परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र उपनिदेशक(टंकण पत्राचार स्कंध)/संकाय सदस्य/सहायक निदेशक(टं./आशु.) यथासमय प्रणाली से प्रिंट लेकर सभी संबंधित परीक्षार्थियों को उपलब्ध करवा सकते हैं।

**<u>परीक्षा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक की website www.onlinesbi.com पर निम्नलिखित स्टैप्स अपनाते हुए ऑनलाइन भी जमा करवाया जा सकता है ।</u>**

**<u>ऑनलाइन फीस जमा करने के स्टैप्स:-</u>**

1.सबसे पहले State bank of India की website.www.onlinesbi.com **में state bank collect** नामक उपशीर्षक पर जांए । State bank of India की website.www.onlinesbi.com पर मुख्य शीर्षक State bank of India पर क्लिक करने पर **state bank collect** नामक उपशीर्षक पर क्लिक करें एंव सभी शर्तो को स्वीकार करते हुए proceed करें 1

2. **State Bank Collect**पेज पर **State of Corporate/Institution**में **All India** Select करें तत्पश्चात् **Type of Corporate/Institution** में **Govt. Department** Select करें एवं **GO** को **क्लिक** करें

3. **Department Name** में **HINDI TEACHING SCHEME, Deptt.OF OFFICIAL LANGUAGE MHA** को **SUBMIT** करें ।

4. **Select Payment Category** में **Hindi Teaching Scheme Select** करें । **Select** करते ही एक फार्म खुल जाएगा ।

5. इस फार्म को भरने के पश्चात **Submit** करें । **Submit** करने के बाद अपने भरे हुए विवरणको **Confirm** कर **Payment** करें ।

6. Payment करने के बाद Receipt के प्रिंट की फोटो प्रति उप निदेशक (परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना, पूर्वी खंड-7, तल-6, रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-110066 को भेजें।

| | | |
|---|---|---|
| बैंक का नाम | - | भारतीय स्टेट बैंक, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली |
| खाता संख्या | - | 35148065108 |
| ब्रांच कोड | - | 00625 |
| IFSC कोड | - | SBIN0000625 |

**<u>(ऑनलाइन द्वारा भुगतान की गई राशि की पावती रसीद संयुक्त निदेशक (परीक्षा)/उप निदेशक (परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना, नई दिल्ली कार्यालय में भेजना अनिवार्य है ।</u>**

11.प्रणाली के अंतर्गत संकाय सदस्यों/सहायक निदेशकों द्वारा केंद्र अधीक्षक संबंधी पूर्ण जानकारी भरी जाएगी ।इसके अंतर्गत केंद्र अधीक्षक का नाम, पदनाम, ई-मेल आईडी, मोबाईल नं., कार्यालय का फोन नं.,कार्यालय का पूरा पता तथा परीक्षा केंद्र का पूरा पता आदि देना अनिवार्य है। सहायक निदेशक यह सुनिश्चित करें कि **केंद्र अधीक्षक राजपत्रित अधिकारी हों, उसी शहर में कार्यरत हों** तथा परीक्षा के दिनों में उनके स्थानांतरण/अवकाश पर जाने की संभावना न हो। उपक्रमों/निगमों के अधिकारियों को भी परीक्षा केंद्र अधीक्षक बनाया जा सकता है जो कि राजपत्रित अधिकारी के समकक्ष हों ।

**क्षेत्रीय कार्यालयों का पता एवं ई मेल आई.डी. निम्नवत है:-**

| | |
|---|---|
| (1) संयुक्त निदेशक/उप निदेशक (मध्योत्तर)<br>हिंदी शिक्षण योजना,<br>पूर्वी खंड-7, तल-6,<br>रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-110066<br>ddhts-nc-dol@nic.in/chti1049@nic.in | दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तरांचल तथा जम्मू-कश्मीर, लद्दाख चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश में स्थित कार्यालयों के लिए । |

.....4/...

(2) संयुक्त निदेशक/ उप निदेशक (दक्षिण)
हिंदी शिक्षण योजना,
ई-3, सी ब्लॉक, राजाजी भवन,
बेसन्ट नगर, चेन्नै-600090
ddhts-south-dol@nic.in

तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना तथा पुद्दुचेरी केंद्र शासित प्रदेश में स्थित कार्यालयों के लिए ।

(3) संयुक्त निदेशक/उप निदेशक (पूर्व)
हिंदी शिक्षण योजना,
18वां तल, निजाम पैलेस परिसर,
234/4, आचार्य जगदीश चंद्र बोस रोड,
कोलकाता-700020
ddhts-east-dol@nic.in

पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार, झारखंड, अंडमान-निकोबार केंद्र शासित प्रदेश में स्थित कार्यालयों के लिए ।

(4) संयुक्त निदेशक/उप निदेशक (पश्चिम)
हिंदी शिक्षण योजना,
केंद्रीय सदन, सी. विंग,
छठा माला, सी.बी.डी., बेलापुर,
नवीं मुंबई-400614
ddhts-west-dol@nic.in

महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, गोवा, दमण दीव, दादर नगर हवेली केंद्र शासित प्रदेश में स्थित कार्यालयों के लिए ।

(5) संयुक्त निदेशक/उप निदेशक (पूर्वोत्तर)
हिंदी शिक्षण योजना,
पू.सी.रेलवे मुख्यालय,
मालीगांव, गुवाहाटी-ll (असम)
ddhts-ne-dol@nic.in

असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम तथा त्रिपुरा राज्यों में स्थित कार्यालयों के लिए ।

(6) संयुक्त निदेशक/उपनिदेशक (हिंदी टंकण/आशु)
(हिंदी टंकण पत्राचार स्कंध)
केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान,
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय
2-ए, पृथ्वीराज रोड,
नई दिल्ली - 110011
chti1037@nic.in/chti1044@nic.in

12. सहायक निदेशक द्वारा केंद्र अधीक्षक का विवरण भी प्रणाली के माध्यम से भरकर क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/उपनिदेशक (टंकण/आशु.)/पत्राचार द्वारा उपनिदेशक (परीक्षा) को अग्रेषित किए जाएं ताकि परीक्षा संबंधी आगामी कार्रवाई (कें अधीक्षक का नियुक्ति पत्र, प्रश्न-पत्र एवं परीक्षा सामग्री) यथासमय भिजवाई जा सके ।

13. भारत सरकार के नियंत्रणाधीन उपक्रमों/निगमों/राष्ट्रीयकृत बैंकों/निकायों आदि के पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क के रूप में 10 रुपए का बैंक ड्राफ्ट **'उप निदेशक (परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना, नई दिल्ली'** पक्ष में भेजना होगा, जिसका विवरण प्रणाली में अपलोड होने के पश्चात् ही उसका परीक्षा प्रवेश पत्र जारी होगा ।

14. कृपया सभी क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/सर्वकार्यभारी अधिकारी परीक्षाओं के संचालन हेतु परीक्षा भवन का किराया (जहाँ परीक्षा भवन किराए पर लेने की आवश्यकता हो) पारिश्रमिक राशि तथा फुटकर खर्च आदि के लिए **अग्रिम राशि की प्राप्ति हेतु प्रस्तावित केंद्र अधीक्षक के बैंक खाता संख्या, IFSC CODE, Bank का नाम** आदि विवरण सहित अग्रिम मांग पत्र भी दिनांक 08 अप्रैल, 2023 तक इस कार्यालय को अवश्य भेज दें ।

15. परीक्षा से संबंधित बिलों का भुगतान केवल केंद्र अधीक्षक के बैंक खाते में ई पेमेंट द्वारा ही किया जाएगा ।अत: बिल के साथ 5केंद्र अधीक्षक के बैंक खाते का विवरण बैंक / शाखा का नाम, खाता संख्या, आई एफ एस सी कोड (IFSC CODE NO) मोबाईल नंबर तथा ई मेल आई डी अनिवार्य रूप से संलग्न कर भेजें ताकि भारत सरकार द्वारा निर्धारित भुगतान प्रक्रिया का पालन हो सके । सुगमता को देखते हुए कैंसिल चैक की एक फोटो प्रति भी भेजी जाए ।

**जुलाई, 2023 में T 1 नियमित,P2 प्राइवेट, T2पत्राचार, T3अल्पावधि प्रशिक्षण के प्रशिक्षार्थियों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा की समय-सारणी**

**हिंदी शब्द संसाधन/ हिंदी टंकण परीक्षा की समय-सारणी**

| परीक्षा की तारीख | दिन | बैच | समय |
|---|---|---|---|
| 10.07.2023 | सोमवार | I | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 10.07.2023 | सोमवार | II | सायं 02.00 से 04.00 बजे तक |
| 11.07.2023 | मंगलवार | III | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 11.07.2023 | मंगलवार | IV | सायं 02.00 से 04.00 बजे तक |
| 12.07.2023 | बुधवार | V | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 12.07.2023 | बुधवार | VI | सायं 02.00 से 04.00 बजे तक |
| 13.07.2023 | बृहस्पतिवार | VII | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 13.07.2023 | बृहस्पतिवार | VIII | सायं 02.00 से 04.00 बजे तक |
| 14.07.2023 | शुक्रवार | IX | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 14.07.2023 | शुक्रवार | X | सायं 02.00 से 04.00 बजे तक |

टिप्पणी - पूरक टंकण परीक्षा परीक्षार्थियों की संख्या के अनुसार निर्धारित की जाएगी ।

भवदीया

प्रतिभा मलिक

(प्रतिभा मलिक)
उपनिदेशक (परीक्षा)
कोड –chti1161

टिप्पणी:- कृपया संबंधित कार्यालय अपने कार्यालय की ई मेल भेजने का कष्ट करें ताकि भविष्य में मेल द्वारा पत्राचार किया जा सके ।